भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# PRESS RELEASE

एलआईसी :प्रतिबद्धता और विश्वास के 65 वर्ष

भारतीय जीवन बीमा निगम, 14 देशों में पदचिन्हों सहित एक प्रमुख वित्तीय समूह, 1 सितंबर, 2021 को अपने अस्तित्व के 66वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

राष्ट्रीयकरण के उद्देश्य के अनुसार एलआईसी जीवन बीमा के संदेश को सभी बीमा योग्य लोगों तक उचित कीमत पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

1956 में 5 करोड़ रुपये की शुरुआती पूंजी से शुरू होकर, आज एलआईसी के पास34,36,686 करोड़ के लाइफ फंड सहित 38,04,610 करोड़ रुपये का परिसंपत्ति आधार है। ब्रांड फाइनेंस इंश्योरेंस 100 द्वारा जारी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, एलआईसी ने विश्व के तीसरे सबसे मज़बूत और 10वें सबसे मूल्यवान ब्रांड के रूप में स्थान प्राप्त किया है।

बीमा क्षेत्र के खुलने के दो दशकों के बाद भी, निगम, बाजार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी अर्थात प्रथम प्रीमियम आय में 66.18 % और पॉलिसियों की संख्या में 74.58 % हिस्सेदारी के साथ बाज़ार अग्रणी बना हुआ है। वर्ष 2020-21 के दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 31 मार्च, 2021 के अंत में 2.10 करोड़ नई पॉलिसियाँ पंजीकृत की गईं और प्रथम वर्ष के प्रीमियम में 1.84 लाख करोड़ रुपये की राशि एकत्र कर नव-व्यवसाय में 3.48% की वृद्धि हुई | हमारे पेंशन एवं समूह बीमा शीर्ष ने लगातार दो वर्षों तक ट्रिलियन मार्क पार कर नव व्यावसायिक प्रीमियम आय के रूप में 1,27,769 करोड़ रुपये एकत्रित किए |

अपने 8 क्षेत्रीय कार्यालयों, 113 मंडल कार्यालयों, 74 ग्राहक क्षेत्रों, 2048 शाखा कार्यालयों, 1546 सैटेलाइट कार्यालयों, 42000 से अधिक प्रीमियम पॉइंट्स और लाइफ प्लस कार्यालयों, एक लाख से अधिक कर्मचारियों, 13.53 लाख एजेंटों के माध्यम से ग्राहकों को हमारी सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया जाता है। इसके अलावा, एलआईसी ने उत्पादकता बढ़ाने के लिए 8 पीएसयू बैंकों, 6 निजी बैंकों, 13 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, 41 सहकारी बैंकों और 1 विदेशी बैंक के साथ अनुबंध किया है। एल.आई.सी. में व्यवसाय में गुणात्मक और मात्रात्मक सुधार लाने के लिए एक दुर्जेय वितरण चैनल है।

एलआईसी 1956 में अपनी स्थापना के बाद से ही पॉलिसी धारकों के साथ-साथ बड़े पैमाने पर समुदाय के सर्वोत्तम लाभ के लिए धन का उपयोग करके देश के वित्तीय और बुनियादी ढांचे के विकास में हमेशा अग्रणी रहा है। राष्ट्रीय प्राथमिकताएं और पॉलिसीधारकों को उचित रिटर्न हमारे निवेश के मुख्य मानदंड हैं। 31

मार्च, 2021 को कुल मिलाकर समुदाय के लाभ के लिए निवेश की गई कुल धनराशि 36,76,170 करोड़ रुपये है।

आज एलआईसी में व्यक्तिगत व्यवसाय के तहत विक्रय के लिए 32 योजनाओं का एक गुलदस्ता उपलब्ध है, जिन से समाज के विभिन्न खण्डों की आवश्यकता पूर्ण होती है । जैसे बंदोबस्ती, आवधिक बीमा, बाल योजनाएं सूक्ष्म बीमा ,स्वास्थ्य बीमा और युनिट लिंक्ड आदि । ग्राहकों को उनकी बदलती ज़रूरतों और बदलते समय के अनुसार सर्वोत्तम उत्पाद प्रदान किए जाते हैं ।

वर्ष 2020-21 में एलआईसी ने1,47,754 करोड़ राशि के 229.15 लाख दावों का निपटारा किया है।

एलआईसी हमेशा अपने ग्राहकों को परेशानी मुक्त सेवाएं प्रदान करने और विक्रय एवं सेवाओं को आसान बनाने के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाता रहा है। एलआईसी द्वारा मूल्य निर्धारण में सुधार और परिचालन क्षमता पैदा करने के अलावा कई ग्राहक केंद्रित पहल की गई हैं।

एलआईसी ने ग्राहकों को एक सहज अनुभव प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक प्रीमियम भुगतान के लिए विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाया है, जो कभी भी, कहीं भी प्रीमियम के भुगतान की सुविधा प्रदान करता है | बैंकों को स्थायी निर्देश देकर एवं शाखाओं और सैटेलाइट कार्यालयों में भुगतान के अलावा अधिकृत प्रीमियम संग्रह केंद्रों के माध्यम से, कार्ड, ऐप, नेटबैंकिंग, आईएमपीएस, वॉलेट, प्रीपेड कार्ड, डेबिट / क्रेडिट कार्ड के माध्यम से प्रीमियम का भुगतान किया जा सकता है। प्रीमियम का भुगतान एंड्रॉइड और विंडोज फोन पर MY LIC डाउनलोड करके ऑनलाइन भी किया जा सकता है । पेटीएम , फोन पे, गूगल पे, एमेज़ोन पे, मोबिक्विक कुछ हालिया ऐप आधारित माध्यम हैं जो ग्राहकों के लिए डिजिटल रूप से प्रीमियम भुगतान के लिए उपलब्ध हैं (ULIP, स्वास्थ्य और ई-टर्म पॉलिसियों को छोड़कर)।

डिजिटल बुनियादी ढांचे के माध्यम से नवीकरण प्रीमियम संग्रह लेनदेन अब तक संग्रहीत कुल राशि के संदर्भ में 74.8% के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

ऋण चुकौती और ऋण ब्याज चुकौती की ऑनलाइन सुविधा ग्राहक पोर्टल के माध्यम से लॉगिंग के साथ या उसके बिना उपलब्ध है। ग्राहक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ऋण अनुरोध केवल प्रीमियर सेवा पंजीकृत ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।

एलआईसी ने अब संपर्क कार्यालयों में पॉलिसियों के पुनर्चलन और देश भर में किसी भी शाखा में दावा प्रपत्र जमा करने की सुविधा प्रदान की है। दिनांक 23/08/2021 से दिनांक 22/10/2021 तक कालातीत पॉलिसियों के पुनर्चलन हेतु विशेष पुनर्चलन अभियान प्रारम्भ किया गया है |

यूलिप पॉलिसी के तहत फंड प्रकार का स्विचिंग अब हमारे ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन किया जा सकता है।

एलआईसी का चैटबॉट, 'एलआईसी मित्र',विक्रय  के लिए उपलब्ध योजनाओं संबंधित प्रश्न, सेवा संबन्धित प्रश्न एवं  प्रीमियम भुगतान पूछताछ संबन्धित  विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देने में सक्षम है।

कर्मचारियों एवं अभिकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म की सुविधा प्रदान की गई है | निगम के कर्मचारियों का ज्ञान वर्धन करने के लिए 'ज्ञानपीठ' का शुभारम्भ इसी दिशा में एक कदम है |

एल.आई.सी. ने मोबाइल एप ANANDA (Atma Nirbhar Agents New Business Digital Mobile Application) का शुभारंभ पेपरलेस मॉड्यूल के माध्यम से जीवन बीमा पॉलिसी प्राप्त करने के लिए ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के लिए एक उपकरण के रूप में  किया है।

एलआईसी गोल्डन जुबली फाउंडेशन, वर्ष 2006 में स्थापित, निगम के सामुदायिक विकास पहल को पूरा करता है और गरीबी या संकट से राहत, शिक्षा की उन्नति, चिकित्सा राहत और सामान्य सार्वजनिक उपयोगिता पर ध्यान केंद्रित करने वाली विविध परियोजनाओं पर काम करता है। । स्थापना के बाद से, फाउंडेशन ने 589 परियोजनाओं के प्रायोजन माध्यम से उपरोक्त कारणों के लिए समर्पित गैर सरकारी संगठनों का समर्थन किया है।

एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी होने के अलावा, एलआईसी चौदह देशों में अपनी उपस्थिति के साथ एक अंतराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त वित्तीय समूह है। इसने अपनी सहायक कंपनियों और सहयोगियों जैसे एलआईसी एचएफएल, एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड, एलआईसी म्यूचुअल फंड और एएमसी लिमिटेड, एलआईसी कार्ड्स सर्विसेज लिमिटेड, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, एलआईसीएचएफएल केयर होम्स लिमिटेड, एलआईसीएचएफएल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड और एलआईसीएचएफएल  एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के माध्यम से अन्य वित्तीय सेवाओं में भी कदम रखा है ।

एलआईसी ने वर्ष 2020-21 में बीमा श्रेणी में 19 पुरस्कार जीते हैं। कॉरपोरेट गवर्नेंस के लिए गोल्डन पीकॉक अवार्ड और रीडर्स डाइजेस्ट अवार्ड्स द्वारा दिया गया सबसे भरोसेमंद ब्रांड अवार्ड  उल्लेखनीय हैं।

एलआईसी कोविड -19 महामारी के चुनौतीपूर्ण समय में भी स्थिर रहा है और हमारे सम्मानित पॉलिसीधारकों को निर्बाध, निर्विघ्न, परेशानी मुक्त सेवाएं प्रदान करने में सक्षम  रहा है।

इस वर्षगांठ पर, हम अपने पॉलिसीधारकों और हितधारकों को हम पर उनके अटूट विश्वास को बनाए रखने के लिए धन्यवाद देते हैं। हम अपने ध्येय "योगक्षेमं व्हाम्यहम " की सच्ची भावना में अपने ग्राहकों के कल्याण के लिए खुद को फिर से समर्पित करते हैं (आपका कल्याण हमारी जिम्मेदारी है)

31 अगस्त, 2021 को मुंबई में दिनांकित

अन्य जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें :
कार्यकारी निदेशक ( निगमित सम्प्रेषण )
भारतीय जीवन बीमा निगम , केंद्रीय कार्यालय, मुंबई
ईमेल आईडी : ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर विजिट करें